भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 144
02 फरवरी, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: विरोध के कारण किसानों को भारी नुकसान

144. श्री असादुद्दीन ओवैसीः
श्री सय्यद ईमत्याज ज़लीलः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क): क्या यह सच है कि किसानों के विरोध-प्रदर्शन के चलते सीमाएं बंद होने के कारण कई किसानों का भारी नुकसान हुआ है जिससे उन्हें राष्ट्रीय राजधनी में अपनी उपज बेचने में बाधा उत्पन्न हो रही है;

(ख): यदि हां, तो क्या सरकार ने इस कारण से कृषि-उत्पाद को हुए नुकसान के प्रभाव का आंकलन किया है;

(ग): क्या अक्तूबर से लेकर आज तक फसल के बुआई-क्षेत्र में कोई कमी आई है; और

(घ): किसान-विरोध प्रदर्शन के कारण नुकसान उठाने वाले किसानों को क्षतिपूर्ति के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए या उठाए जा रहे हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)</u>

(क) से (घ): सामान्यत: रबी की बुवाई अक्टूबर माह से प्रारंभ होती है और राज्यों से प्राप्त साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार, अब तक (29.01.2021) रबी सीजन में बुवाई का कुल क्षेत्र गत वर्ष के बुवाई के कुल क्षेत्र 665.59 लाख हे. की तुलना में 684.59 लाख हे. है जो गत वर्ष की तुलना में चालू वर्ष हेतु बोए गए क्षेत्र में 19.01 लाख हे. की वृद्धि प्रदर्शित करता है। भारत सरकार को सीमाएं बंद होने के कारण किसानों को होने वाली ऐसी क्षति जिसमें वे राष्ट्रीय राजधानी में अपनी उपज बेचने से वंचित हुए हों, के संबंध में कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। अत: उपज की क्षति के लिए क्षतिपूर्ति का कोई प्रश्न नहीं उठता है।

****